# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर

(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)

Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

---

पत्रांक : 588/प्रवेश /MSU /2023–24 दिनांक : 17-07-2023

## प्रवेश सम्बन्धी महत्वपूर्ण सूचना

माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्ध महाविद्यालयों /संस्थानों में विभिन्न स्नातक पाठयकमों में सत्र 2023–24 में अभ्यर्थियों द्वारा प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय वैबसाईट पर दिनांक 17.05.2023 से 16.07.2023 तक आनलाईन पंजीकरण कराये गये तथा उसके उपरान्त महाविद्यालयों/संस्थानों में पंजीकरण कराये गये। पंजीकृत अभ्यर्थियों की विभिन्न पाठयकमों में प्रवेश प्रकिया नियमानुसार आरक्षण नियमों का पालन करते हुए संलग्न समय – सारणी (प्रवेश कार्यकम) अनुसार की जानी है। सभी महाविद्यालयों /संस्थानों से अपेक्षित है कि निर्धारित समय–सारणी /प्रवेश कार्यकम का अनुपालन सुनिश्चित करें। महाविद्यालय/संस्थान 5 प्रतिशत सीटें स्पोटर्स कोटे के अभ्यर्थियों के लिये नियमानुसार रिक्त छोडेगें। बी0पी0ई0एस0 एवं बी0एस–सी0 (पी0एच0ई0एस0) पाठयकमों में प्रवेश औपबंधिक होगें तथा ये प्रवेश शारीरिक दक्षता परीक्षण के उपरान्त कन्फर्म होगें।

अभ्यर्थियों हेतु आवश्यक निर्देश

1. जिस अभ्यर्थी का नाम निर्धारित तिथि को महाविद्यालय द्वारा जारी मेरिट लिस्ट में होगा, उस अभ्यर्थी को ही निर्धारित कार्यकमानुसार प्रवेश दिया जायेगा।
2. मेरिट सूची में स्थान प्राप्त करने के मैसेज प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी विश्वविद्यालय की वैबसाइट https://msuweb.in/ पर जाकर अपनी लॉगिन आई0डी0 एवं पासवर्ड की सहायता से ऑफर लैटर डाउनलोड करेगें।
3. आफर लैटर , रजिस्ट्रेशन फार्म एवं सभी शैक्षिक एवं अन्य आरक्षण इत्यादि सम्बन्धी अभिलेखों की प्रमाणित छायाप्रति, मूल अभिलेख, फोटो इत्यादि लेकर सम्बन्धित महाविद्यालय/संस्थान में निर्धारित तिथि तक अपना प्रवेश सुनिश्चित करेंगें।
4. यह स्मरण कराना समीचीन है कि अभ्यर्थी को प्रवेश न लेने की स्थिति में सीट रिक्त रहने की स्थिति में ही ओपन मेरिट में प्रवेश का अवसर मिल सकता है।
5. किसी भी मेरिट लिस्ट की समय सीमा समाप्त होने पर किसी भी अभ्यर्थी को प्रवेश नहीं मिलेगा।
6. अभ्यर्थी द्वारा दी गयी सूचना यदि गलत पायी जाती है तो उसी समय अभ्यर्थी का प्रवेश निरस्त कर दिया जायेगा।
7. अनुसूचित जाति/ जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग, आर्थिक रूप से कमजोर (EWS), विकलांग, स्वतन्त्रता सेनानी, पूर्व सैनिक वार्ड इत्यादि सम्बन्धी मूल प्रमाण पत्र प्रवेश के समय न होने की स्थिति में आरक्षण सम्बन्धी कोई लाभ नहीं दिया जायेगा।
8. प्रवेश लेने के समय सभी मूल शैक्षिक एवं अन्य अभिलेख अभ्यर्थी अपने साथ रखें। अन्यथा की स्थिति में प्रवेश नहीं दिया जायेगा।
9. प्रवेश के समय अभ्यर्थी अपने निम्न दस्तावेजों की प्रमाणित छायाप्रति एवं मूल प्रति अपने साथ लायें।

i) Application form (Print)
ii) Offer Letter
iii) High school mark sheet and Certificate
iv) Intermediate mark sheet and Certificate
v) Domicile certificate (for other state)
vi) Migration Certificate (for other than UP Board)
vii) Category certificate (if required)
viii) Weightage certificate( if required)
ix) Aadhaar card
x) Latest passport size photographs
xi) Domicile certificate for J & K (if applicable)
xii) Character and transfer certificate( in original)

Contd. —

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
(पुँवारका, सहारनपुर, उ0प्र0, पिन–247120)
Website- msuniversity.ac.in Email ID –registrar@msuniversity.ac.in

**महाविद्यालय / संस्थान हेतु आवश्यक निर्देश**

1. महाविद्यालय अपने स्तर से समस्त प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों के मूल पत्राजात प्रवेश समिति द्वारा पूर्ण रूप से जॉच कराना सुनिश्चित करें।
2. महाविद्यालय/संस्थान अनिवार्य रूप से मेरिट सूची हेतु निर्धारित अंतिम तिथि तक प्रवेश सम्पुष्ट (Confirm) कराना सुनिश्चित करें। मैरिट सूची हेतु अंतिम तिथि के उपरान्त प्रवेश सम्पुष्ट नहीं हो पायेगें।

**संलग्नक : प्रवेश कार्यक्रम प्रति**

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक
मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
एवं
प्राचार्य, चौ0 छोटूराम स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
मुजफ्फरनगर।

प्रतिलिपि :– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित ।

1. मा0 कुलपति जी को सूचनार्थ एवं अवलोकनार्थ।
2. वित्त अधिकारी जी को सूचनार्थ।
3. कुलसचिव जी को सूचनार्थ।
4. सहायक प्रवेश समन्वयक को सूचनार्थ।
5. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या /निदेशक , मॉ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय सहारनपुर से सम्बद्व महाविद्यालयों/संस्थान को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु।
6. समस्त स्थानीय प्रेस प्रवक्ताओं को इस आश्य से कि वे छात्र हित में अपने प्रतिष्ठित समाचार पत्र में निशुल्क प्रकाशित करने हेतु।
7. विश्वविद्यालय अधिकृत एजेन्सी को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।

प्रो0 (नरेश कुमार मलिक)
प्रवेश समन्वयक

# माँ शाकुम्भरी विश्वविद्यालय, सहारनपुर
# Maa Shakumbhari University, Saharanpur

## स्नातक कक्षाओं हेतु शैक्षणिक सत्र (2023–24)

## प्रवेश कार्यक्रम

| क्रम | विवरण | दिनांक | प्रथम वरीयता सूची | द्वितीय वरीयता सूची | तृतीय वरीयता सूची | प्रथम ओपन सूची | द्वितीय ओपन सूची |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | वि0वि0 पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण आरम्भ कराने की तिथि | 17 मई 2023 | | | | छात्रों द्वारा वि.वि पोर्टल से ओपन मेरिट हेतु आवेदन पत्र डाउनलोड करने की तिथि 6 व 7 अगस्त 2023 दोपहर 12 बजे तक | रिक्त सीटों के सापेक्ष वि0वि0 पोर्टल पर नये पंजीकरण व पंजीकृत छात्रों हेतु नये पाठयक्रम एड करने हेतु तिथि 10 व 11 अगस्त दोपहर 12 बजे तक |
| 2. | वि0वि0 पोर्टल पर छात्रों हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि | 16 जुलाई 2023 | | | | | |
| 3. | महाविद्यालयों में छात्रों हेतु पंजीकरण की अंतिम तिथि | 18 जुलाई 2023 | | | | | |
| 4. | महाविद्यालयों द्वारा अपने यहां पंजीकृत छात्रों को वि0वि0 पोर्टल पर अपडेट करने की अंतिम तिथि | 18 जुलाई 2023 | | | | छात्रों हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 7 अगस्त 2023 दोपहर 2 बजे तक | छात्रों हेतु रिक्त सीटों के सापेक्ष महाविद्यालयों में आवेदन पत्र जमा करने की अंतिम तिथि 10 एवं 11 अगस्त 2023 दोपहर 2 बजे तक |
| 5. | वि0वि0 पोर्टल पर महाविद्यालयों को मास्टर लिस्ट (डाटा) उपलब्ध कराने की तिथि | 21 जुलाई 2023 | | | | 07 अगस्त 2023 सांय 5 बजे तक | 11 अगस्त 2023 सांय 5 बजे तक |
| 6. | महाविद्यालयों द्वारा विश्वविद्यालय पोर्टल पर वरीयता सूची अपलोड कराने व छात्रों हेतु जारी करने की अंतिम तिथि | | 24 जुलाई 2023 12 बजे तक | 31 जुलाई 2023 दोपहर 2 बजे तक | 03 अगस्त 2023 दोपहर 2 बजे तक | 08 अगस्त 2023 दोपहर 12 बजे तक | 12 अगस्त 2023 दोपहर 12 बजे तक |
| 7. | विश्वविद्यालय द्वारा ऑफर लेटर जारी करने की तिथि | | 25 जुलाई 2023 | 31 जुलाई 2023 सांय 5 बजे तक | 03 अगस्त 2023 सांय 5 बजे तक | 08 अगस्त 2023 सांय 5 बजे तक | 12 अगस्त 2023 सांय 5 बजे तक |
| 8. | महाविद्यालया द्वारा छात्रों का प्रवेश प्रदान करने की तिथि | | 26–28 जुलाई 2023 | 01, 02 अगस्त 2023 | 4–5 अगस्त 2023 | 09 अगस्त 2023 | 14 अगस्त 2023 |
| 9. | महाविद्यालयों द्वारा वि0वि0 पोर्टल पर प्रवेश सम्पुष्ट करने की तिथि। | | 28 जुलाई 2023 | 02 अगस्त 2023 | 5 अगस्त 2023 | 09 अगस्त 2023 | 14 अगस्त 2023 |

नोट– प्रस्तुत प्रवेश कार्यक्रम के अनुसार अनुपालन अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करें। संशोधन सम्भव है। विस्तृत व अद्यतन सूचना के लिए विश्वविद्यालय वेबसाइट का समय–समय पर अवलोकन करते रहें।

Vram